नोटिस

ध्यानाकर्षण: सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा जून 2019 के उत्तीर्ण अभ्यर्थी

(प्रमाण पत्र जारी करना)

भाग -1 (सीएसआईआर जेआरएफ/एल एस और जेआरएफ केवल)

ऐसे अभ्यर्थी जिनके अनुक्रमांक (रोल न.) परिणाम (सीएसआईआर जेआरएफ / एलएस और जेआरएफ केवल) के भाग-I में हैं उनके प्रमाण पत्र, परीक्षा एकक, सीएसआईआर कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली द्वारा जारी किए जाएंगे। ऐसे अभ्यर्थियों से यह अपेक्षित है कि वे निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी साधारण डाक के माध्यम से भिजवाएं:

1. अंक तालिका
2. प्रवेश पत्र
3. जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में दसवीं कक्षा (मैट्रिकुलेशन) का प्रमाण पत्र (संबंधित बोर्ड द्वारा जारी)
4. अहर्क (क्वालिफाइंग) परीक्षा/ एम.एस.सी. या समकक्ष डिग्री या अनंतिम डिग्री
5. अंकों के आवश्यक प्रतिशत के साथ अंतिम अंक तालिका
6. सीजीपीए / एसजीपीए / ओजीपीए / सीपीआई आदि अपने संबंधित विश्वविद्यालय / संस्थान के रूपांतरण सूत्र या संबंधित विश्वविद्यालय / संस्थान से प्रमाण पत्र स्पष्ट रूप से अर्हक (क्वालिफाइंग) डिग्री में अंकों का प्रतिशत बताते हुए
7. दो डिग्रियों के मामले में अंकों/अवधि का विभाजन
8. अ.ज.(एससी) / अ.ज.जा. (एसटी) प्रमाण पत्र, यदि लागू हो।
9. नवीनतम अ.पि.व. (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र (नॉन-क्रीमीलेयर) एनसीबीसी की वेबसाइट (www.ncbc.nic.in) में दिए गए प्रारूप के अनुसार। (जो संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी जेआरएफ नेट परीक्षा जून 2019 के सूचना बुलेटिन के परिशिष्ट -I में भी दिया गया है), यदि लागू हो।
10. दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमों के अनुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।
11. संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी जेआरएफ नेट परीक्षा जून 2019 के सूचना बुलेटिन के परिशिष्ट-V में दिए गए प्रारूप के अनुसार उपयुक्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी प्रमाण पत्र (आय और संपत्ति प्रमाण पत्र)

जिन अभ्यार्थियों ने परिणाम प्रतीक्षित (आरए) श्रेणी (एम.एस.सी. या समकक्ष) के तहत आवेदन किया है, वे अपनी अपेक्षित योग्यता पूरी करने के बाद ही आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें।

अभ्यर्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वे उपर्युक्त दस्तावेज साधारण डाक द्वारा ही भिजवाएं:

अनुभाग अधिकारी, प्रमाण पत्र अनुभाग, मानव संसाधन विकास समूह,
सीएसआईआर कॉम्पलेक्स, लाइब्रेरी एवेन्यू रोड, पूसा, नई दिल्ली -110012

अभ्यर्थियों को अपने दस्तावेज भेजते समय लिफाफे पर साफ और मोटे अक्षरों में “जून, 2019 (सीएसआईआर जेआरएफ / एलएस-भाग-1-परिणाम) नेट परीक्षा के लिए दस्तावेज और रोल नंबर ________लिखना होगा

नोट:

(i) यदि आपके आवेदन पत्र में उल्लिखित डाक पते में कोई बदलाव है, तो कृपया उपर्युक्त दस्तावेजों के साथ नए वर्तमान पते की पूरी जानकारी भेजें, ताकि प्रमाण पत्र को नए पते पर भेजा जा सके।

(ii) जैसा कि परिणाम अधिसूचना में उल्लेख किया गया है, यह फेलोशिप 01.01.2020 से दो वर्षों के लिए वैध है।

(iii) प्रमाण पत्र जारी करने की अनंतिम तारीख 14 अक्टूबर 2019 है।

भाग- II और III के परिणाम (यूजीसी जेआरएफ/ एलएस और लेक्चरशिप केवल)

ऐसे अभ्यर्थी, जिनके अनुक्रमांक (रोल नं.) परिणाम (यूजीसी जेआरएफ/एलएस और लेक्चरशिप केवल) के भाग –II और भाग-III में हैं, उन्हें प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में शीघ्र सूचित किया जाएगा ।